## न्यूज ब्रीफ

### आवारा कुत्तों के झुंड ने बच्चे पर किया हमला

**ओबरी/संभल, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के हीरापुर गांव में शुक्रवार सुबह आवारा कुत्तों के झुंड ने एक 5 वर्षीय बालक पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। बालक की चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने लाठी-डंडों के सहारे कुत्तों को भगाकर उसकी जान बचाई। जानकारी के अनुसार हीरापुर निवासी रमेश का 5 वर्षीय पुत्र कुश शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे घर से खेलने के लिए निकला था। जैसे ही वह घर से कुछ दूरी पर पहुंचा, तभी आवारा कुत्तों के झुंड ने उसे घेर लिया। कुत्तों के दौड़ाने पर बालक घबराकर गिर पड़ा, जिसके बाद झुंड ने उस पर हमला कर दिया। बच्चे की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और लाठी-डंडों से कुत्तों को खदेड़कर बालक को छुड़ाया।

### मासूम की मौत के बाद अवैध क्लीनिक सील

**सौंधन, अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र के करनपुर कायस्थ गांव निवासी तीन वर्षीय बच्चे की झोलाछाप के इंजेक्शन से मौत हो गई थी। इसके बाद प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए आरोपी के क्लीनिक को सील कर दिया। आरोपी झोलाछाप मौके से फरार हो गया। करनपुर कायस्थ निवासी संजय अपने तीन वर्षीय बेटे मोहित को बुखार आने पर इलाज के लिए सौंधन लेकर आए थे। आरोप है कि यहां झोलाछाप अनिकेत ने बिना किसी जांच के बच्चे को इंजेक्शन लगा दिया। इंजेक्शन लगने के कुछ ही देर बाद बच्चे की हालत बिगड़ने लगी। परिजन बच्चे को आनन-फानन में संभल लेकर जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही मोहित की मौत हो गई।

### शिवालिक वन क्षेत्र में छोड़ा तेंदुआ

**धौरहरा, अमृत विचार :** धौरहरा वन रेंज क्षेत्र से पकड़ी गई मादा तेंदुए को शुक्रवार तड़के सहारनपुर के शिवालिक वन क्षेत्र में सुरक्षित रूप से छोड़ दिया गया। वन विभाग की टीम ने आवश्यक अनुमति मिलने के बाद यह कार्रवाई की। मंगलवार रात करीब आठ बजे धौरहरा वन रेंज के ढेखीपुरवा मजरा, रामलोक गांव में लगाए गए वन विभाग के पिंजरे में मादा तेंदुआ कैद हो गया था। उसे पकड़ने के लिए वन विभाग पिछले दो माह से रेस्क्यू अभियान चला रहा था।

# फ्लाई ओवर के पास से पेड़ हटाने की मांग, प्रदर्शन

- वीर महाकाल सेवा समिति ने पेड़ को बताया हादसों की वजह

संवाददाता, कैंट

**अमृत विचार :** क्षेत्र के लालफाटक फ्लाईओवर (परशुराम सेतु) के पास दुर्घटनाओं का सबब बने पेड़ को हटाने की मांग करते हुए वीर महाकाल सेवा समिति ने शुक्रवार को देर शाम विरोध-प्रदर्शन किया। समिति के अनुसार पुल से बरेली की ओर उतरने वाले मार्ग पर सर्विस रोड के ठीक सामने यह पेड़ है। जिसे लगातार सड़क हादसों का मुख्य कारण बताया जा रहा है।

प्रदर्शनकारियों के अनुसार इस पेड़ की वजह से यातायात बाधित होता है। आए दिन हादसे होते रहते हैं। कई



विरोध-प्रदर्शन करते वीर महाकाल सेवा समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

लोगों की जानें जा चुकी हैं। समिति ने बताया कि इस समस्या के बारे में उच्च अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को अगवत कराया जा चुका है मगर अभी तक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया है। समिति इस संबंध में छावनी परिषद के अधिकारियों को शिकायती पत्र के माध्यम से जल्द से जल्द इस पेड़ हटाने और सर्विस रोड को 100 मीटर आगे बढ़ाकर बनवाने का आग्रह करेगी। सुनवाई न होने पर फिर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। समिति अध्यक्ष सुरेश कुमार, योगी यूथ ब्रिगेड धर्म रक्षा ट्रस्ट के जिला अध्यक्ष सूरज पटेल, बजरंग दल सुरक्षा प्रमुख आर्यन खटीक, योगेंद्र सिंह, रोहित, मोहित, कमल पटेल, रवि, प्रदीप आदि मौजूद रहे।

## रसोई गैस के लिए जुट रही भीड़



शेरगढ़ में रसोई गैस के लिए लोग तड़के ही गैस एजेंसी के बाहर जुटने लगते हैं। दोपहर होते-होते यह भीड़ लाइन में तब्दील हो जाती है। गैस सिलेंडर के लिए लोगों को परेशानी से जूझना पड़ रहा है। ● अमृत विचार

# सड़क हादसों में दो लोगों की मौत, कई गंभीर घायल

## शेरगढ़ में अज्ञात वाहन ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, भुता में बरेली-बीसलपुर मार्ग पर वाहन ने स्कूटी सवार को रौंदा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि कई गंभीर घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है।

**शेरगढ़ :** थाना बहेड़ी क्षेत्र के गांव खगाई नागर निवासी गंगाराम (45) साथी ओमपाल निवासी बहादुरपुर थाना शाही के साथ गुरुवार को गांव लालपुर में दसवां संस्कार में शामिल होने गए थे। वह बाइक से देर रात रुद्रपुर से लौट रहे थे। बाइक ओमपाल चला रहे थे, जबकि गंगाराम पीछे बैठा थे। कस्बे में बाईपास तिराहा पर अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर घायल हो गए। इंस्पेक्टर क्राइम सत्य सिंह मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। यहां डॉक्टरों ने जांच के बाद गंगाराम को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर शुक्रवार सुबह आनन-फानन में परिजन मौके पर पहुंच गए। गंगाराम अपने माता-पिता का इकलौते पुत्र थे। वह रुद्रपुर में एक निजी कंपनी में नौकरी करते थे। उनके तीन बेटे वेदप्रकाश, मोर सिंह, रवि हैं। मृतक की दिव्यांग पत्नी सावित्री और बेटों समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इंस्पेक्टर क्राइम सत्य सिंह ने बताया कि ओमपाल को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। वहीं कस्बे में पुराने नाले के मरम्मत कार्य के चलते सड़क किनारे रेता-बजरी डाल दी गई। इसकी वजह से लोगों को आवाजाही में दिक्कत हो रही है। बृहस्पतिवार रात हुई सड़क दुर्घटना भी इसी स्थान पर हुई। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सड़क किनारे से बजरी-बजरफुट हटाया जाए। वहीं, शेरगढ़-शाही मार्ग अतिक्रमण की चपेट में है। इससे वाहन चालक और राहगीर परेशान हैं। आए दिन हादसे हो रहे हैं।



गंगाराम।



शेरगढ़ सीएचसी पर मौजूद पुलिस और परिजन। ● अमृत विचार

- पुलिस ने एंबुलेंस से घायलों को अस्पताल भेजा

**भुता :** ग्राम डडिया नवाजिश अली निवासी गंगा प्रकाश गांव भवुआ बाजार में किराने की दुकान चलाते थे। उनके बच्चे हरुनगला में रहकर पढ़ाई करते हैं। गुरुवार शाम वह स्कूटी से बच्चों के पास आ रहे थे। बरेली-बीसलपुर मार्ग पर देर रात मरेला चौकी के पास अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें एंबुलेंस से बरेली अस्पताल भेजा। जहां उपचार के दौरान गंगा प्रकाश की मृत्यु हो गई। पत्नी उर्मिला का रो रो कर बुरा हाल है। थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार कुमार ने बताया कि पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश कर रही है।

### डिवाइटर से टकराई बाइक, युवक घायल

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** नेशनल हाइवे पर वहगुल नदी के पास अनियंत्रित होकर बाइक डिवाइडर से टकराने से युवक घायल हो गया। पुलिस ने घायल को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा है। रामपुर कोतवाली क्षेत्र निवासी रामकिशोर किसी काम से शुक्रवार को बरेली आ रहे थे। वहगुल नदी के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में वह घायल हो गए।

### घायल की इलाज के दौरान मौत

**रिठौरा, अमृत विचार :** मोहल्ला साहूकारा निवासी टेक चन्द्र (56) राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सीबीगंज में चतुर्थ श्रेणी कर्मी थे। वह मंगलवार को घर से ड्यूटी पर निकले थे। वह हादसे में घायल हो गए थे। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। तीसरे दिन गुरुवार देर रात उनकी उपचार के दौरान मौत हो गई। उनके निधन पर शिवमंगल सिंह राठौर, चेयरमैन शकुंतला देवी, पूर्व चेयरमैन अशोक कुमार गुप्ता, अंजलि गुप्ता, अमित कुमार गुप्ता आदि ने शोक जताया है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार जख्मी

**मीरगंज, अमृत विचार :** शाही - फतेहगंज पश्चिमी मार्ग पर लमकन गांव के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार घायल होकर खाई में जा गिरा। राहगीरों ने घायल को निकालकर एम्बुलेंस तक पहुंचाया। घायल को निजी अस्पताल भेजा गया। घायल की पहचान कुल्छा थाना शाही निवासी राहुल के रूप में हुई है। राहुल किसी काम से कस्बा शाही आया था। बाइक से घर लौट रहा था। लमकन गांव के पास अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे हैं, जो बाइक सवारों और अन्य वाहन चालकों के लिए लगातार खतरा बने हुए हैं। उन्होंने प्रशासन से इन गड्ढों को भरवाने की मांग की है। पुलिस अज्ञात वाहन चालक की तलाश में जुटी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

## फर्जी एसी-एसटी मुकदमा दर्ज कराने का लगाया आरोप

**आंवला, अमृत विचार :** तहसील के अधिवक्ता हिमांशु गुप्ता ने कुछ लोगों पर फर्जी तरीके से एसी-एसटी मुकदमा दर्ज कराने का आरोप लगाया है। उन्होंने मामले में सीओ को पत्र लिखकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। अधिवक्ता का आरोप है कि उन्हें फर्जी एससी-एसटी के मुकदमे में फंसाया गया है। अब उनसे लाखों रुपये की रंगदारी मांगी जा रही है। बताया कि 3 मार्च 2026 की रात करीब 10 बजे वह साथी अधिवक्ता सचिन कुमार सिंह, मित्र अंकित चन्द्र और उनकी बहन के साथ जा रहे थे। आरोप है कि रास्ते में जतिन निवासी स्टेट बैंक चौराहा ने अंकित की बहन के साथ अभद्रता की। उनका आरोप है कि जब अधिवक्ताओं ने विरोध किया तो जतिन ने हाथापाई शुरू कर दी। उस समय बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया गया था। आरोप है कि इसी रंजिश के चलते जतिन ने अपने भाई नितिन और शंकर वाल्मीकि के साथ मिलकर फर्जी मुकदमा दर्ज करा दिया। अधिवक्ता ने सीओ से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, फर्जी मुकदमे को निरस्त करने व आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# बिना लाइसेंस चल रहे छह स्पा सेंटरों पर जड़े ताले, दो गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** शहर के सिविल लाइंस क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित स्पा सेंटरों के खिलाफ जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने शुक्रवार को छापेमारी करते हुए कड़ी कार्रवाई की है। इसमें बिना एनओसी व बिना लाइसेंस के संचालित छह स्पा सेंटर को बंद कर दिए हैं। जबकि दो संचालकों पर कानूनी कार्रवाई करते हुए कोर्ट में पेश किया गया।

शुक्रवार दोपहर करीब ढाई बजे सिविल लाइंस क्षेत्र में नगर मजिस्ट्रेट सालिक राम के नेतृत्व में एक संयुक्त टीम ने आधा दर्जन स्पा सेंटरों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान नगर पालिका परिषद, फायर विभाग, मिशन शक्ति टीम और सिविल लाइंस थाना पुलिस भी मौजूद रही। जांच में पाया कि इन स्पा सेंटरों के पास नगर पालिका की अनुमति और फायर विभाग की अनिवार्य एनओसी नहीं थी। इसके अतिरिक्त, अन्य आवश्यक अनुज्ञप्तियां भी अनुपस्थित मिलीं। सुरक्षा मानकों की अनदेखी और नियमों के गंभीर उल्लंघन के कारण प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से सभी स्पा सेंटरों का संचालन बंद करा दिया। इनमें गन्ना सोसाइटी, शौकत अली रोड स्थित मान रोज थैरेपी स्पा, आवास विकास स्थित गोल्ड क्लासिक स्पा एंड सैलून, फ्रेंड्स कॉलोनी और शौकत अली रोड स्थित गोल्ड हैंड स्पा सेंटर, मुर्तजा रोड स्थित मैंगो स्पा सेंटर और एलआईसी रोड स्थित प्रियंका लीफ स्पा पार्लर शामिल हैं। इस कार्रवाई के बाद अन्य इलाकों में संचालित स्पा सेंटर संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है। मामले में जिला अमरोहा निवासी बछरायूं थाना क्षेत्र के फतेहपुर गांव निवासी हिमांशु और मुरादाबाद थाना मझोला मलगद्दा गांव निवासी सागर को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, उसके बाद जेल भेज दिया। मामले में पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने बताया कि मामले में दो आरोपियों पर कार्रवाई की गई है।



सिविल लाइंस क्षेत्र में स्पा सेंटर में जानकारी लेती टीम। ● अमृत विचार



स्पा सेंटरों पर छापेमारी के दौरान मौजूद पुलिस। ● अमृत विचार

- शहर में नगर मजिस्ट्रेट ने पुलिस टीम के साथ की छापेमारी
- स्पा सेंटरों के संचालन की शिकायत पर प्रशासन सख्त

## न्यूज डायरी

### समारोह में मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया

**हाफिजगंज, अमृत विचार :** ग्राम बकैनिया स्थित ए.आर. मेमोरियल स्कूल में वार्षिक परीक्षा के अंकपत्र वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि समाजसेवी शहंशाह अंसारी ने कहा कि शिक्षा हर व्यक्ति का मौलिक अधिकार है। यही राष्ट्र व समाज की उन्नति की कुंजी है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने पर जोर दिया। रिदा, अलीशा, फरहा आफरीन समेत प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। अंकपत्र वितरित किए। विद्यालय प्रबंधक मोहम्मद अशरफ ने आभार जताया। संचालन शिक्षिका नेहा कुमारी ने किया। अध्यक्षता प्रधानाध्यापक नियामत अली ने की।






### श्रद्धालुओं को बांटा महाप्रसाद

**बहेड़ी, अमृत विचार :** हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में खांड़के कॉलोनी के हनुमान मंदिर में शुक्रवार को अखंड रामायण के पाठ के समापन पर हवन हुआ। श्रद्धालुओं को महाप्रसाद बांटा गया। हवन में यजमान आर के सिंह और उनकी पत्नी ने पूर्णाहुति दी। दोपहर 2 बजे से महाप्रसाद का वितरण हुआ, जो शाम तक चला। सैकड़ों की तादाद में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सभासद रमेश कुमार सिंह, रामनाथ, अजय सिंह, रवि अरोड़ा आदि ने व्यवस्था संभाली।

### कथा में श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग सुनाया

**कैंट, अमृत विचार :** कायस्थ सेना कल्याण परिवार की प्रेरणा से लाल फाटक स्थित शिव धाम कॉलोनी के वृद्धाश्रम में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन शुक्रवार को आचार्य मुमुक्षु कृष्ण दद्दा महाराज ने श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग सुनाया। माखन मिश्री का भोग एवं प्रसाद में टॉफी, चॉकलेट्स नमकीन, बिस्किट्स खिलौनों का वितरण किया गया। कायस्थ सेना कल्याण परिवार के प्रदेश अध्यक्ष आलोक प्रधान एडवोकेट, मुख्य यजमान राजेंद्र पाल सिंह, सुशील सिंह, मेघा सिंह, श्यामदीप सक्सेना, आलोक सक्सेना एडवोकेट, सुनील कुमार सक्सेना एडवोकेट, डॉ सुबोध अस्थाना, जिलाध्यक्ष आलोक सक्सेना, महानगर अध्यक्ष अमित सक्सेना, मिट्टू, विमल सक्सेना, गौरव सक्सेना, राजीव सक्सेना, विकास सक्सेना नीटू, अभिषेक सक्सेना, पूजा सक्सेना, मनोज सक्सेना घुप, सीमा प्रधान करिश्मा सक्सेना, रजनीश गंगवार, रचना चौहान, कांता गंगवार, एमएस यादव आदि मौजूद रहे।

### जीवन में शिक्षा का अहम योगदान, इसलिए बच्चों को स्कूल जरूर भेजें

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** जीवन में शिक्षा का अहम योगदान होता है। इसलिए बच्चों को स्कूल जरूरी भेजें और उनकी शिक्षा पर विशेष ध्यान दें। यह बातें शुक्रवार को कंपोजिट विद्यालय निवड़िया में आयोजित शिक्षा चौपाल और वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि कामराज मिश्रा ने कहीं। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अर्पणा शर्मा ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और अतिथियों का अभार व्यक्त किया। वहीं, शाहपुर बनियान, गौसगंज, सिमरा हरचंद सिंह, अशोकपुर, समेत आदि गांवों के प्राथमिक विद्यालयों में भी वार्षिकोत्सव एवं शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। पूर्व प्रधान राजकुमार पाल, पूर्व प्रधान सुशील शर्मा, कामरान खान, सुनील शुक्ला, विश्वजीत गोला, सुमन कुमारी, कन्यावती, रहमत बानो, गोपाल जायसवाल, एकता अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



# जाली नोट मामले में आरोपी को 10 साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- 15 वर्ष बाद आया फैसला, रामपुर का रहने वाला है दोषी

**अमृत विचार:** शहर कोतवाली क्षेत्र से जुड़े 15 साल पुराने जाली नोट प्रकरण में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय की अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष के कारावास और एक हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

दरअसल 13 जून 2011 को कोतवाली में तैनात तत्कालीन दरोगा वीआर विक्रम पुलिस टीम के साथ मोहल्ला दानिशमंदान स्थित बिजलीघर चौराहे पर ड्यूटी कर रहे थे। उनके साथ कांस्टेबल योगेंद्र सिंह और रामनिवास शर्मा भी मौजूद थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संदिग्ध को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक हजार रुपये के तीन जाली नोट बरामद हुए, जबकि दो नोट संदिग्ध पाए गए। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मोहम्मद मसरूर निवासी सेंडोवाला, थाना टांडा, जिला रामपुर बताया। पुलिस ने बरामद नोटों को जांच के लिए स्टेट बैंक भेजा, जहां बैंक कर्मियों ने नोटों के जाली होने की पुष्टि की। इसके बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया। विवेचना पूरी होने के बाद 8 सितंबर 2012 को आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया, जबकि 14 मार्च 2013 को अदालत ने मामले का संज्ञान लिया। सुनवाई के दौरान आरोपी ने खुद को निर्दोष बताया, लेकिन अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर अदालत ने उसे दोषी पाया। गुरुवार को हुई अंतिम सुनवाई में अदालत ने आरोपी मोहम्मद मसरूर को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई और एक हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

## पुलिस के नाम पर ठगी करने का आरोपी गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना कटघर पुलिस ने रंगदारी वसूली के एक मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी खुद को पुलिस से जुड़ा बताकर मुकदमे में राहत दिलाने के नाम पर पीड़ित पक्ष से लाखों रुपये वसूल रहा था।

प्रभारी निरीक्षक कटघर शैलेंद्र सिंह ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी मोहम्मद फारूख का नाम निकलवाने और राहत दिलाने के नाम पर उसके परिजनों को डरा-धमका रहा था। इसी बहाने आरोपी इकराम कुरैशी ने पीड़ित के साले इरफान अंसारी से पुलिस के नाम पर कुल 1,69,999 रुपये वसूल लिए, जिसमें 1,14,999 रुपये खाते में और 55,000 रुपये नकद शामिल हैं। इस संबंध में पीड़ित पक्ष द्वारा तीन अप्रैल को थाना कटघर में तहरीर दी गई, जिसके आधार पर आरोपी इकराम कुरैशी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस टीम ने आरोपी इकराम कुरैशी को मैदा मिल कब्रिस्तान के पास से गिरफ्तार कर लिया।

# नौकरी करने रूस गया फतेहगंज का युवक सेना में हुआ भर्ती, युद्ध में मौत

संवाददाता, रामपुर

- स्थानीय पुलिस ने कहा, जानकारी नहीं जांच करके पता लगाएंगे

**अमृत विचार:** चौकी क्षेत्र के गांव सीतारामपुर के मजरा फतेहगंज निवासी एक युवक की रूस-यूक्रेन युद्ध में मौत हो जाने से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। युवक करीब आठ महीने पहले रोजगार के सिलसिले में रूस गया था, जहां वह कथित तौर पर एक होटल में वेटर की नौकरी करने वाला था, लेकिन बाद में वह सेना में भर्ती होकर युद्ध में शामिल हो गया। यूक्रेन के साथ जारी संघर्ष के दौरान गोली लगने से उसकी मौत हो गई। इस हादसे के बाद परिवार के लोग सदमे में हैं।



मृतक शावेद।

फतेहगंज निवासी दूल्हा हसन का 22 वर्षीय पुत्र शावेद इंटरमीडिएट पास था और परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के उद्देश्य से विदेश गया था। परिजनों का आरोप है कि उसे रूस में होटल में काम दिलाने का झांसा दिया गया था, लेकिन वहां पहुंचने के बाद वह किसी बिचौलिए के बहकावे में आकर सेना में भर्ती हो गया और युद्ध क्षेत्र में तैनात कर दिया गया। परिवार के लोग युवक का शव लेने के लिए दिल्ली एयरपोर्ट रवाना हो गए हैं, हालांकि खबर लिखे जाने तक शव के भारत पहुंचने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। मृतक चार भाई-बहनों में दूसरे नंबर का था। परिवार कृषि कार्य और पशुपालन कर किसी तरह अपना गुजारा करता है। ग्रामीणों और परिजनों ने युवाओं से अपील की है कि विदेश में नौकरी के नाम पर किसी बिचौलिए के बहकावे में न आएं और केवल अपने निर्धारित कार्य तक ही सीमित रहें।

